## खबर संक्षेप

### अयोध्या से आये अक्षत कलश का पूजन कर नगर में किया गृह संपर्क

**मैहर।** देश में राम मंदिर की चर्चा हर व्यक्ति की जुबान में है। भगवान राम की जन्म स्थली अयोध्या में भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है और 22 जनवरी के दिन भगवान राम की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इसकी तैयारी पूरे देश में है और घर घर न्यौता भेजा जा रहा है। मां शारदा की पावन नगरी मैहर में भगवान राम की जन्म स्थली अयोध्या से आये अक्षत कलश का हनुमान गढ़ी में पूजन कर नगर में बजरंगदल नेता महेश तिवारी और जिला पंचायत सदस्य जयंती तिवारी सहित सभी राम भक्तो द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 9 में गृह संपर्क कर आमंत्रण दिया गया। इस दौरान जय श्री राम के नारे भी लगाए गए।

### मैहर विधायक की सार्थक पहल पहले व्यवस्थित करें फिर हटाए अतिक्रमण

**मैहर।** विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के सार्थक प्रयास से मैहर के सभी फ़ुटपाटी हाथ ठेला व्यवसाइयों को पहले व्यवस्थित करेंगे फिर हटाया जायेगा। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कलेक्टर रानी बाटड़ एसडीएम सुरेश जाधव नगरपालिका सीएमओ लालजी ताम्रकार और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक में कई बड़े मुद्दों पर चर्चा की और मैहर बाजार और फ़ुटपाती हाथ ठेला व्यवसाइयों के लिए दुकान लगाने स्थान चिन्हित किया गाया है और तीन दिवस के अन्दर उन्हें पहले विस्थपित किया जाएगा उसके बाद अतिक्रमण की कार्यवाही की जाएगी जिससे साफ सुथरा व्यवस्थित शहर दिखाई दे इसके अतिरिक्त नगर की ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुधारने का काम किया जायेगा।

### 4 दिन भरेगा छत्रपाल बाबा में मेला,आयोजित होंगे विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम

**सतना।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर लोकदेवता क्षत्रपाल बाबा मंदिर परिसर डुङहा में क्षत्रपाल बाबा लोक कल्याण समिति द्वारा श्री रामकीर्तन,वृद्धों की चरण वंदना सम्मान,स्वामी निर्भयानंद कर्मस्थली का उद्घाटन,सेवानिवृत्त भारतीय कृषि अनुसंस्थान परिषद के सहायक महानिर्देशक डॉ.सदाचारी सिंह तोमर द्वारा लिखी गई पुस्तक पर्यावरण की भारतीय अवधारणा का विमोचन के साथ ही निःशुल्क चिकित्सा शिविर जिसमे अलग-अलग चिकित्सा पद्धति के डॉक्टर रहेंगे जिनके द्वारा चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया जाएगा।आयोजन समिति के डॉ. सदाचारी सिंह तोमर और सोभनाथ सिंह ने बताया की कार्यक्रम में अतिथि रूप में राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सतना सांसद गणेश सिंह,नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह,भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित बाबूलाल दाहिया,पूर्व विधायक रामप्रताप सिंह,कांग्रेस नेत्री डॉ.रश्मि सिंह,पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया उपस्थित रहेंगे।

### मतदान केंद्रों में विशेष शिविर का आयोजन आज

**सतना।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि पवार ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत जिले के सभी मतदान केंद्रों में 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन और दावे-आपत्तियां प्राप्त करेंगे।

### राजस्व महाअभियान 15 जनवरी से 29 फरवरी तक

**सतना।** राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इन्द्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य से प्रदेश में राजस्व महाअभियान संचालित किया जायेगा।

# घटिया सामग्री का उपयोग कर बनाई गई नाली 6 माह भी नहीं चली

उचेहरा जनपद के बिहटा ग्राम पंचायत में ग्रामवासियों की सुविधा हेतु विगत 6 महीने पहले पानी निकासी के लिए 10 लाख रुपए की लागत से नाली का निर्माण किया गया था। जिसमे ग्रामीणों ने सरपंच सचिव और जनपद पंचायत के अन्य अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया सामग्री का उपयोग कर निर्माण करने का आरोप लगाया है।

सतना।



उन्होंने कहा नाली का निर्माण सब इंजीनियर मीना अग्रवाल की देखरेख में सचिव सुशील गुप्ता और सरपंच लालजी ने कराया था जो अब 6 माह के अंदर ही क्षतिग्रस्त हो गई इसमें कई जगह दरारें आ गई हैं और आधी से अधिक जगहों पर टूट कर धसक गई हैं। हालाकि गांव के ग्रामीणों ने नाली के शुरुआती दिनों में घटिया सामग्री का उपयोग करने का विरोध जताया था और कहा था कि जल्द ही खराब होकर ध्वस्त हो जायेगी लेकिन जिम्मेदारों ने अनदेखी किया था। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि नाली निर्माण की गुणवत्ता में बहुत कम मात्रा में सीमेंट का उपयोग किया गया था यदि नाली निर्माण में हुए भ्रष्टाचार पर शुरू में ही भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसी जाती तो काम गुणवत्तापूर्ण होता और लाखो की लागत से बनी नाली भ्रष्टाचार की भेंट ना चढ़ पाती। इस पूरे मामले में जनपद उचेहरा के सहायक यंत्री सलिल सिंह ने दोषी पर भी वैधानिक कार्यवाही करने की बात कही है अब देखना होगा कि कब तक में जांच होती है?

#### मॉनिटरिंग में भी की अनदेखी

गौरतलब है कि किसी भी निर्माण का मूल्यांकन व जांच उपयंत्री द्वारा की जाती है तभी उसकी गुणवत्ता का आकलन होता है और वह निर्माण कार्य का मूल्यांकन करते हैं लेकिन उपयंत्री द्वारा निर्माण के समय की गई अनदेखी इस निर्माण कार्य में मूक सहमति मालूम होती है।सही मानिटरिंग नहीं करने के चलते मनमाने तरीके से गुणवत्ताहीन कार्य करा लिया गया था। जनपद के अधिकारी एकाध बार भी आना मुनासिब नहीं समझा जिसका यहां भरपूर फायदा उठाया गया है।

#### इनका कहना है

1- नाली का निर्माण पूरी तरह डस्ट से किया गया है। पूरी तरह घटिया सामग्री का उपयोग किया गया,इसकी जांच होना चाहिए।

**मो.सरफराज,ग्रामीण**

2- निर्माण के महीने भर के अंदर ही नाली में कई जगह दरार आ गई थी और बारिश होते ही धसकने लगी थी।

**कंछेदी लाल,ग्रामीण**

3- पंचायत के द्वारा सभी काम अच्छे से कराए गए थे। पाइप लाइन पड़ने के दौरान ट्रक आदि वाहन ने नाली तोड़ दिए है।

**लालजी कोल -सरपंच ग्राम पंचायत बिहटा**

4- मामले की जल्द ही जांच कराई जाएगी अगर सुधार योग्य काम होगा तो पंचायत सुधार स्वयं के व्यय से कराएगी इसके लिए कोई राशि आहरित नही होगी,अगर सुधार योग्य नही है तो रिकवरी की कार्यवाही की जाएगी।

**सलिल सिंह,सहायक यंत्री जनपद उचेहरा**

# 3100 रुपए समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाए, मनमानी बिजली बिल और जर्जर तारों को बदला जाए

### किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

मैहर।

भारतीय किसान यूनियन(टिकैत)के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में किसानों के प्रमुख मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम मैहर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिसमे किसानों के धान को 3100 रुपए समर्थन मूल्य पर खरीदी जाए और खरीदी केन्द्रों में हो रहे भ्रष्टाचार और बिवादित तथा भ्रष्ट केन्द्रों की जांच कर आगे के लिए आवंटन पर रोक लगाई जाए। ज़िले की बहुत सी समितियों में अंकुश के बाद भी किसानों से मनमानी के आरोप हैं! आगे सूची कलेक्टरों को दी जाएगी। बिजली कम्पनी की मनमानी बिल तथा बिल जमा होने के बाद भी महीनों के जले हुए ट्रांसफार्मर न बदलने से किसानों के धान की फसल को अधिक नुकसान हुआ है। लो-बोल्टेज एवं बिजली की ट्रिपिंग बंद करने जली हुई व वर्षों की पुरानी तारें बदली जाने, सीमेंट कम्पनियों से प्रभावित किसानों और उनकी मांगों को सरकारी मापदंडों के आधार पर जांचकर वर्षों से पीड़ित और मजबूर किसानों को उचित न्याय और उनका हक़ दिलाए जाए। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,सांसद सतना व जिले के सभी विधायक दलों को ज्ञापन पत्र सौंपकर किसानों की समस्याओं को प्रमुख बिन्दुओं पर सदन में बात रखने की अपील की गई है इसके पूर्व विगत सप्ताह सतना कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा गया था।




# सीवर लाइन दुर्घटना में श्रमिक की मौत पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो : शंकरलाल

सतना।

सीवर लाइन प्रोजेक्ट में खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से हुई दुर्घटना को पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी ने दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि श्रमिक की जान बच सकती थी लेकिन ठेका कम्पनी की घोर लापरवाही और मनमानी के कारण श्रमिक को अपनी जान गवानी पड़ी। ठेका कम्पनी के जिम्मेदारों पर तत्काल हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया जाना चाहिए व ठेका कम्पनी से मृतक के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा और आश्रित को नौकरी सुनिश्चित करें। साथ ही अब यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सीवर लाइन प्रोजेक्ट में कोताही न बरती जाए। नियमानुसार कार्य करें जिससे अब इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। श्री तिवारी ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से घटना के संदर्भ में चर्चा कर अतिशीघ्र कार्यवाही की मांग की है।





### जिम्मेदार को गिरफ्तार किया जाएः रत्नाकर

उधर श्रमिक की मौत को बसपा प्रदेश सचिव रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा ने दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया है। उन्होने कहा कि श्रमिक की जान बच सकती थी लेकिन ठेका कम्पनी की घोर लापरवाही और मनमानी के कारण श्रमिक को अपनी जान गवानी पड़ी। श्री चतुर्वेदी ने ठेका कम्पनी के जिम्मेदारों पर तत्काल हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार करने व ठेका कम्पनी से मृतक के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा और आश्रित को नौकरी सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होने कहा कि अब यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सीवर लाइन प्रोजेक्ट में कोताही न बरती जाए नियमानुसार कार्य करें,जिससे अब इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो।

# अवैध कब्जा कर नगर पालिका की दुकानों में हो रहा कारोबार




मैहर।

नगर पालिका परिषद मैहर में इन दिनों नगर पालिका के आधिपत्य की दुकानों पर अवैध कब्जा किए जाने का बड़ा खेल चल रहा है। ताजा मामला संकुटा तालाब के सामने स्थित नई सब्जी मंडी पर बनी दो मंजिल की मार्केट का है। जानकारों की माने तो उक्त दुकानों की अब तक नीलामी नहीं हुई है अतः ये दुकानें अबतक किसी को भी अलॉट नहीं हुई है तथा इन पर नगर पालिका का ही आधिपत्य है। नियमानुसार दुकानों की बोली होकर,नीलामी की राशि जमा करने के पश्चात नगर पालिका से एग्रीमेंट कराकर दुकानों का कब्जा दिया जाता है तथा उसका पूर्वनिर्धारित मासिक किराया नगर पालिका में जमा होता है। किंतु नगर पालिका के अधिकारियों का वरद हस्त होने की वजह से इन ठेकेदारों के लिए सारे नियम शिथिल हो जाते हैं तथा इन्हें निशुल्क कब्जा कर लेने की छूट दे दी जाती है।

#### मार्केट को हो रहा नुकसान

जिन दुकानों पर यह सीमेंट का अवैध स्टॉक कर रहे हैं,उन दुकानों के नीचे भी दुकानें बनी हुई हैं। जानकारों की माने तो दुकानों में दरारें हैं तथा सीमेंट का ओवर स्टॉक होने की वजह से अधिक लोड की वजह से ऊपर की दुकान कभी भी नीचे बैठ सकती है। तथा बड़ा हादसा होने का खतरा है। पूर्व में मैहर में हाउसिंग बोर्ड की बिल्डिंग गिर चुकी है जो जनमानस आज भी नहीं भूला है।

मामले में मैं कोई भी जानकारी नही दूंगा,हमारे अधिकारी सीएमओ हैं वे जवाब देंगे।

**वंशपति पाण्डेय, उपयंत्री नपा मैहर**

अभी आप लोगों के द्वारा मामला संज्ञान में आया है,जांच करवा कर मामले में कार्यवाही करवाई जाएगी।

**लालजी ताम्रकार, सीएमओ मैहर**

# राज्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

सतना।

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को सतना प्रवास के दौरान जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने जिला चिकित्सालय के मानसिक रोग, ओपीडी,असंचारी वृद्धजन क्लीनिक,पोस्ट ऑपरेटिव मेटरनिटी वार्ड,ऑपरेशन थियेटर,लेबर ओटी,प्रसूति वार्ड,प्रतीक्षालय,एसएनसीयू तथा क्षय रोग वार्ड का निरीक्षण किया। पोस्ट ऑपरेटिव मेटरनिटी वार्ड के निरीक्षण के दौरान वार्ड के शौचालय साफ-सुथरा नहीं पाये जाने पर मौके पर मौजूद ठेकेदार के सुपरवाइजर को सख्त लहजे में फटकार लगाई। उन्होने कहा कि अस्पताल के शौचालयों में स्वच्छता में विशेष ध्यान दिया जाये। खासकर प्रसूति वार्ड जिसमें प्रसव उपरांत गंभीर स्वास्थ्य वाली महिलायें भर्ती होती हैं। उनमें संक्रमण का खतरा सबसे अधिक होता है। चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने ऑपरेशन थियेटर में मौजूद सर्जन डॉ देवेंद्र सिंह से प्रतिदिन होने ऑपरेशन की संख्या तथा रात्रिकालीन सर्जरी के बारे में जानकारी ली।



**आमजनों की सुनी समस्यायें-** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को सतना प्रवास के दौरान सर्किट हाउस सतना में जनता दरबार लगाकर आम नागरिकों के आवेदनों पर सुनवाई की। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुये संबंधित अधिकारियों को आवेदकों की समस्याओं के निस्तारण के लिये निर्देशित किया।

# युवा दिवस पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

सतना।

स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर युवादिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन 12 जनवरी को किया गया।युवादिवस के अवसर पर सभी शिक्षण संस्थाओं सहित जिलेभर में स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों,गणमान्य नागरिक,शिक्षक,शिक्षिकाओ एवं छात्र-छात्राओ द्वारा आकाशवाणी से प्रसारित सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम की सभी विधाओ को संपादित किया गया। युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन एक साथ एक संकेत पर किया गया। प्रातः 9:30 बजे से 10.30 बजे तक होने वाले सामूहिक सूर्य नमस्कार के आयोजन में स्वयंसेवी संगठन,आम नागरिकों की भी भागीदारी रही।





**मैहर में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम सम्पन्न-** मैहर में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस युवादिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी 2024 को सामूहिक सूर्य नमस्कार आरपी पैलेस मैहर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,कलेक्टर रानी बाटड,एसडीएम सुरेश जादव,सीएसपी राजीव पाठक,संतोष सोनी सहित स्थानीय प्रतिनिधि तथा अधिकारियों-कर्मचारियों ने छात्र-छात्राओं के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम किया। सामूहिक सूर्य नमस्कार का प्रातः 9:30 बजे से आकाशवाणी केंद्र से सीधा प्रसारण किया गया। राष्ट्रगान,वंदे मातरम, स्वामी विवेकानंदजी की वाणी,मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया गया।

## खबर संक्षेप

### छत्रसाल मैदान के मुख्य गेट के बगल से बने खंडहर दुकान को हटाए जाने की खेल प्रेमियों ने की मांग

**पवई।** नगर के एकमात्र खेल मैदान महाराजा छत्रसाल में इन दिनों जीर्णोधार का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है और चारों तरफ की टूटी हुई बाउंड्री वॉल को भी बनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को खेल प्रेमियों ने नगर परिषद पवई से मांग की है कि मैदान के मुख्य गेट के बगल से नगर परिषद की जर्जर दुकान बनी हुई है जो पीछे से पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त है,जिसमें खेल मैदान खेलने मे आए छोटे-छोटे बच्चे पशु जानवर भी जा सकते है जिससे कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है खेल प्रेमियों ने नगर परिषद से उस खंडहर नुमा दुकान को हटाए जाने की मांग की है।

### शासकीय कन्या उ.मा.वि. में सामूहिक सूर्य नमस्कार संपन्न

**अमानगंज।** नगर अमानगंज के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज में स्वामी विवेकानंद जी के जन्म जयंती के दिन युवा दिवस के मौके पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पुलिस थाना प्रभारी महेंद्र भदोरिया एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी के साथ विद्यालय के शिक्षक गण एवं छात्राओं ने वैदिक मंत्रों के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार किया तत्पश्चात स्वास्थ्य रक्षक प्राणायाम उज्जाई, अनुलोम- विलोम, भ्रामरी किया गया। तत्पश्चात भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी ने छात्रों को संबोधित करते हुए अनमोल जीवन उपयोगी विभिन्न बातें बताई और स्वामी विवेकानंद जी के भी विभिन्न संस्मरणों के माध्यम से उनके पदचिन्हों पर चलने की सलाह दी।

### शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सूर्य नमस्कार

**अमानगंज।** क्षेत्र के ग्राम पगरा हायर सेकंडरी विद्यालय में युवा दिवस के मौके पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य के.पी. पाल तथा मुख्य अतिथियो ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल मँच संचालन संस्था के शिक्षक शिव प्रसाद लोधी जी ने किया। कार्य क्रम में पूर्व सरपंच रामकेश पांडे जी, रतन सिंह, कंछेदी लाल विदुआ जी, सुरेश कुमार उपाध्याय जी पूर्व प्रधानाध्यापक, आनंद उपाध्याय जी, पुष्पेंद्र पांडे जी, सरपंच प्रतिनिधि रामलाल अहिरवार जी, उप सरपंच सुरेंद्र कुमार पांडे जी, मुन्नालाल विश्वकर्मा जी सहायता समूह संचालक, बद्री प्रसाद कुशवाहा जी,उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षक गण सुरेंद्र सिंह पटेल,शिव चरण प्रजापति, राहुल चौरसिया, पूनम सिंह, राजधर पटेल,यीशु बिसेन, सुखदेव अहिरवार,मोहिनी सक्सेना, आकांक्षा उर्मलिया, राजेश राठौर,ममता साकेत, रत्नेश, पूनम तिवारी, ज्योति छिरोल्या, स्वाति तिवारी,निधि शर्मा ,अजय पांडे, उजागर, बलराम साहू, राजकुमार दुबे , रामसरूप सिंह राजपूत, अमरीश खरे, राजीव कविरपंथी, जगदीश अहिरवार तथा समस्त छात्र छात्राओं ने इस कार्य क्रम में सहभागी रहे।

### ग्राम बंडी में राष्ट्रीय कुश्ती महिला-पुरूष का जंगी मुकाबला

**पन्ना।** देवेन्द्रगनर क्षेत्रान्तर्गत सुंदरा के समीप ग्राम बंडी में स्व. श्री पं. चन्द्रशेखर प्रसाद पाण्डेय की पुण्य स्मृति में दिनांक 15.01.2024 को राष्ट्रीय कुश्ती महिला-पुरूष का जंगी मुकाबला होने जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के पहलवान अपना दांव-पेंच दिखायेंगे। इस कार्यक्रम में सतना जिले के सांसद गणेश सिंह एवं म.प्र. शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की उपस्थित होने की संभावना है। इस कुस्ती कार्यक्रम देखने के लिये ग्रामीण जनता अधिक तादात में एकत्रित होती है। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी इस दंगल का वृहद कार्यक्रम तैयार किया गया है। क्षेत्र की जनता से अपील है कि इस दंगल प्रतियोगिता में पधार कर पहलवानों का हौसला अफजाई करें तथा कुस्ती का आनंद उठायें। इस कार्यक्रम का आयोजन उनके छोटे पुत्र राष्ट्रीय पहलवान रामभवन पाण्डेय द्वारा किया जा रहा है।

# ट्रैक्टर चोरी करने वाले 3 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**मामले में चोरी गया ट्रैक्टर स्वराज कंपनी का कीमती करीब 7 लाख रूपये एवं आरोपियों द्वारा उपयोग किये जा रहे 02 मोबाइल कीमती करीब 15 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 7 लाख 15 हजार रूपये का जप्त**

दिनांक 20/12/23 को फरियादी जय नारायण द्विवेदी निवासी सथनिया द्वारा थाना सलेहा में रिपोर्ट की गई की कि कल रात में कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे घर के सामने खड़े मेरे स्वराज कंपनी के नये ट्रैक्टर को चोरी कर ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सलेहा में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 370/23 धारा 379 भादवि का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।



पन्ना।

थाना प्रभारी सलेहा उपनिरीक्षक सरिता तिवारी द्वारा घटना की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा घटना को गंभीरता से लिया गया। मामले में चोरी गए ट्रैक्टर की बरामदगी एवं अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सलेहा उपनिरीक्षक सरिता तिवारी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार संभावित स्थानो पर चोरी गये ट्रैक्टर की तलाश की गई एवं अज्ञात आरोपियों के बारे में जानकारी हेतु लगातार प्रयास किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के आदेशानुसार मामले के खुलासा हेतु पुलिस साइबर सेल टीम पन्ना को जानकारी एकत्रित कर आरोपियों की गिरफ्तारी में सहयोग करने हेतु गठित टीम में शामिल किया गया। मामले में पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 11/01/24 को मामले में एक संदेही व्यक्ति को कटनी से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई जिसके द्वारा अपना नाम ईशू दास पिता आरिक स्वामी ईसाई वर्ष निवासी बरगवां कटनी का होना बताया पुलिस टीम द्वारा ट्रैक्टर चोरी के संबंध में पूँछताछ किये जाने पर ईशू द्वारा बताया गया कि मैं ड्रायवरी का काम करता हूँ मुझे सिराज और भरत रजक द्वारा ट्रैक्टर चुराने के लिये बोला गया था मैने राजकुमार के साथ मिलकर ट्रैक्टर चोरी किया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार घटना में शामिल आरोपियों में से आरोपी सिराज पिता शेख इस्लाम अहमद निवासी बरगवां कटनी एवं राजकुमार आदिवासी पिता स्व. भवानी आदिवासी निवासी बरगवां कटनी को गिरफ्तार किया जाकर । मामले के संबंध में कड़ाई से पूँछताछ की गई तो आरोपी सिराज द्वारा बताया गया कि भरत रजक द्वारा घटना कारित करने हेतु ग्राम सथनिया पहुँचकर रैकी की गई थी। हम सभी लोगो ने मिलकर ट्रैक्टर चोरी करने की योजना बनाई थी योजना के दौरान मैने अपने साथी देवेन्द्र शर्मा पिता परशुराम शर्मा निवासी खानपुर थाना छाता जिला मथुरा उ.प्र. से ट्रैक्टर चोरी करने के संबंध में बातचीत की तो देवेन्द्र द्वारा बताया गया कि तुम लोग ट्रैक्टर चोरी करके मेरे यहाँ पहुँचा दो बाकि सब मैं सही कर लूँगा। पुलिस टीम द्वारा तीनो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों बताये अनुसार चोरी गये ट्रैक्टर को आरोपी देवेन्द्र शर्मा के घर ग्राम खानपुर थाना छाता जिला मथुरा से बरामद किया गया है। मामले में आरोपी देवेन्द्र शर्मा एवं भरत रजक की गिरफ्तारी शेष है। विवेचना जारी है।

**जप्त सामग्री –** पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताये अनुसार चोरी गया ट्रैक्टर स्वराज कंपनी का कीमती करीब 7 लाख रूपये एवं आरोपियों द्वारा घटना के समय उपयोग किये गये 02 मोबाइल कीमती करीब 15 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 7 लाख 15 हजार रूपये का जप्त किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी –** 1. ईशू दास पिता आरिक स्वामी ईसाई वर्ष निवासी बरगवां कटनी 2. सिराज अहमद पिता शेख इस्लाम अहमद वर्ष निवासी बरगवां कटनी 3. राजकुमार आदिवासी पिता स्व. भवानी आदिवासी निवासी बरगवां कटनी

**सराहनीय योगदान –** उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि सरिता तिवारी, उनि भानु प्रताप सिंह चौहान, उनि रामफल शर्मा, सउनि शिवेन्द्र प्रताप सिंह, जे पी अहिरवार, प्र.आर. रावेन्द्र पाण्डेय, मनोज त्रिपाठी, आर. सुजीत, दीपक सोनकिया, विश्वास शुक्ला, सतीश श्रीवास, मृगेन्द्र, अमित बागरी, अवनीश गौतम, महिला आर. नीतू द्विवेदी एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत, प्र.आर. नीरज रैकवार, राहुल सिंह बघेल, आशीष अवस्थी, आर. धर्मेन्द्र सिंह राजावत एवं राहुल पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।



# राज्यपाल के आगमन की तैयारियां जारी

### कलेक्टर ने चौपरा एवं जनवार पहुंचकर लिया जायजा



पन्ना।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के शनिवार, 13 जनवरी को प्रस्तावित एक दिवसीय पन्ना प्रवास के मद्देनजर जिला एवं पुलिस प्रशासन की आवश्यक तैयारियां जारी हैं। कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने आज प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल ग्राम चौपरा एवं जनवार पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया व अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इसके पहले जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक कर सौंपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार राज्यपाल श्री पटेल 13 जनवरी को दोपहर 1 बजे स्टेट हैंगर भोपाल से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 2.15 बजे सकरिया हवाई पट्टी आएंगे और 2.20 बजे कार द्वारा सकरिया ग्राम पंचायत के ग्राम चौपरा प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल चौपरा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल होने के साथ ही ग्राम का भ्रमण कर ग्रामवासियों से परिचर्चा भी करेंगे। इसके उपरांत 4.15 बजे कार द्वारा जनवार प्रस्थान कर भ्रमण और परिचर्चा कार्यक्रम में शामिल होकर शाम 5 बजे कार द्वारा सर्किट हाउस पन्ना रवाना होंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। राज्यपाल श्री पटेल रविवार, 14 जनवरी को सुबह 9 बजे कार द्वारा पुलिस लाइन पन्ना स्थित हेलीपैड के लिए प्रस्थान कर 9.15 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा उत्तरप्रदेश के लखनऊ रवाना होंगे।

# युवा दिवस पर विद्यालयों में आयोजित हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

## स्वामी विवेकानंद जयंती को मनाया जाता है युवा दिवस

पवई।



देश, प्रदेश के साथ पन्ना जिले के पवई में भी समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया द्य लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश अनुसार प्रतिवर्ष 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजित होता है द्य बता दें कि 12 जनवरी को युवा दिवस महान दार्शनिक अधिवक्ता,समाजसेवी देशभक्त और युवाओं को प्रेरणा देने वाले स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, इनका जन्म 12 जनवरी सन 1869 में कोलकाता में हुआ था द्य इसी तारतम्य में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी सूर्य नमस्कार आयोजित किया गया,सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं सहित विद्यालय में अध्यनरत लगभग 500 विद्यार्थियों ने सामुहिक सूर्य नमस्कार किया इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप कुमार बर्मन और लक्ष्मी शंकर गुप्ता ने विद्यार्थियों को युवा दिवस के महत्व और आयोजित होने वाले सूर्य नमस्कार के महत्व व उससे होने वाले लाभों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया द्य इस वर्ष शासन द्वारा सूर्य नमस्कार की थीम रखी गई है। उठो,जागो और अपने आसपास मौजूद शक्ति को पहचानो इसके बारे में भी विस्तार पूर्वक विद्यार्थियों को बताया गया द्य इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य जीतेंद्र कुमार सोनी,श्रीमती अनामिका सिंह, अनूप शुक्ला,श्रीमती जन्नतुल फिरदौस परवीन, श्रीमती अंजू गुप्ता,चंद्रभान लोधी,अनुज शर्मा,नीलेश पांडे,अंकुर पटेल,विनोद नामदेव, कपिल सोनी,उपेंद्र सिंह,श्रीमति अंजना यादव, शबा खान,मीना नामदेव, अरविंद्र कुशवाहा मौजूद रहे।

# 48 घंटे के अन्दर अंधे हत्याकाण्ड का खुलासा





### मृतक के द्वारा लङकी की पर्सनल फोटोग्राफ सोशल मीडिया पर अपलोड कर वायरल करने की दी जा रही थी धमकी, लङकी के भाई एवं जीजा ने दिया घटना को अंजाम

पन्ना।

दिनांक 08.01.2024 को ग्राम कोटवार सुडौर पुरूषोत्तम बेन पिता रतन लाल बेन उम्र 47 साल निवासी सुडौर द्वारा थाना शाहनगर मे सूचना दी गई कि उमेही नाला स्टाप डैम के नीचे पानी में एक अज्ञात पुरूष उम्र करीव 20 वर्ष का शव पानी में पड़ा है, शव के सिर को पत्थर से कुचला गया है। थाना शाहनगर में सूचना पर मर्ग क्र. 01/24 धारा 174 जा0फौ0 का कायम किया जाकर जाँच मे लिया गया। थाना प्रभारी शाहनगर उपनिरी सुयश पाण्डेय द्वारा घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई, मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस.थोटा द्वारा तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। मर्ग जाँच के दौरान मिले साक्ष्यों एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर थाना शाहनगर मे अज्ञात आरोपियों के विरूध्द हत्या का अपराध क्र. 09/24 धारा 302 ता0हि0 का कायम कर विवेचना मे लिया गया। थाना प्रभारी शाहनगर उपनिरी सुय़श पाण्डेय द्वारा मृतक के फोटोग्राफ्स तत्काल सोशल मीडिया में अपलोड कर मृतक की पहचान के संबध मे जानकारी एकत्रित की गई। मुखबिर सूचना के आधार पर मृतक की पहचान हर्षित सिंह राजपूत पिता आनंद सिंह राजपूत उम्र 20 साल निवासी ग्राम मझगवां शेख थाना अमानगंज को रूप मे हुई। मामले में पुलिस उप महानिरीक्षक छतरपुर ललित शाक्यवार एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पवई ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी शाहनगर उपनिरी सुयश पाण्डेय के नेतृत्व में अज्ञात आरोपियों की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना के माध्यम से मृतक के संबध मे जानकारी एकत्रित की गई, जो पता चला की मृतक के एक लड़की से प्रेम संबंध के कारण मृतक लड़की के घर आता जाता था। जिस बात को लेकर लड़की के घर वाले मृतक से नाराज थे एवं लड़की से मिलने जुलने का विरोध कर रहे थे। मामले में पुलिस टीम को जानकारी प्राप्त हुई कि लड़की का बहनोई उसी गाँव का रहने वाला है जिस गाँव में मृतक का शव मिला था। पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबन्दी कर लड़की के बहनोई को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति से पूँछताछ की गई जिसने पूँछताछ पर अपना नाम रवि चौधरी पिता राधे चौधरी उम्र 22 साल निवासी साकिन सुडौर थाना शाहनगर जिला पन्ना का होना बताया। पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में कड़ाई से पूँछताँछ किये जाने पर रवि चौधरी द्वारा बताया गया कि मृतक हर्षित सिंह राजपूत के मेरी साली से प्रेम संबंध थे, मृतक द्वारा मेरी साली के प्रायवेट फोटोग्राफ ले लिये गये थे। जो आये दिन मृतक उक्त फोटोग्राफ्स सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दे रहा था। काफी समझाने के बाद भी जब वो नहीं माना तो मैने अपने साले के साथ मिलकर उसको फोन लगाकर बुलाया। जब वो हम लोगो के पास आया तो हम लोगो ने उससे फोटो डिलीट करने के लिये बोला तो वह मना करने लगा इसी बात से नाराज होकर मैने एवं मेरे साले ने उसको पकडकर उसके साथ मारपीट की एवं पत्थर सिर में पटककर उसकी हत्या कर दी थी। आरोपी के बताये अनुसार पुलिस टीम द्वारा मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं विधि विरूद्ध बाल को पुलिस अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणों को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

**नाम पता आरोपी –** 01. रवि चौधरी पिता राधे चौधरी उम्र 22 साल निवासी साकिन सुडौर थाना शाहनगर जिला पन्ना 02. विधि विरूद्ध बालक उम्र 16 साल

**जप्ती –** आरोपियों के घटना मे प्रयुक्त 01. एक सी.डी. डीलक्स मोटरसाईकिल, 02. मृतक के 02 मोबाईल 03.एक घडी।

**सराहनीय योगदान -**

थाना प्रभारी शाहनगर उपनिरी सुय़श पाण्डेय, उनि0 अनिल सिहं (प्रभारी सायबर सेल) संतोष सिह मसराम, मेघा मिश्रा, सउनि भैयामन सिह, सी.एस. पाण्डेय, अवध राज सिह, जगदीश सिह ,प्रआऱ इदुल बक्स, जयपाल सिह, आऱक्षक नीतेश असाटी, रविन्द्र कुमार, दिनेश यादव, बृजभान वागरी, बृजेन्द्र कुमार, विनोद डावर, राजेश, विनिवेश त्रिपाठी, महिला आऱ रश्मि गौर, रविता, चालक उदय राज वागरी, एवं सायबर सेल प्र0आर0 नीरज रैकवार, राहुल सिहं, आशीष अवस्थी आर0 धर्मेन्द्र सिंह, राहुल पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा।



# 22 को होगी अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा

### वॉर्ड नं. 8 के घर-घर में बांटे जा रहे अक्षत

**पवई।** पूरे देशभर की लोगों की आस्था का केंद्र भगवान राम का विशाल एवं भव्य मंदिर अयोध्या में बनकर तैयार हो रहा है,जिसमें आगामी 22 जनवरी को भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी के द्वारा देशभर में लोगों को घर-घर जाकर उन्हें अयोध्या आने और प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण की अक्षत बांटे जा रहे हैं द्य इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर के वार्ड क्रमांक 8 में अक्षत घर-घर जाकर बांटे गए द्य सर्वप्रथम इसकी शुरुआत स्थानीय जगदीश स्वामी मंदिर से हुई तत्पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ड के सभी घरों में जाकर लोगों को निमंत्रण के अक्षत सौंपे गए एवं उन्हें अयोध्या आने का निमंत्रण दिया गया द्यइस अवसर पर उमा कुमार पांडेय,नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत,पुष्पेंद्र पटेल, दीपेन्द्र सिंह,सी बी गौतम,मंकू श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### महाविद्यालय में मनाया गया सामूहिक सूर्य नमस्कार

**पन्ना।** शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया सूर्य नमस्कार के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसपीएस परमार समस्त महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं तथा स्वामी विवेकानंद जी द्वारा दिए गए शिकागो भाषण से छात्राओं को सीख लेने की प्रेरणा दी तथा कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का उद्देश्य था कि उनके पास शारीरिक और मानसिक रूप से यदि कम लोग ही मिल जाए तो पूरे विश्व का ढांचा को बदल देंगे,उठो, जागो, और तब तक मत रुको जब तक तुम अपने लक्ष्य को नहीं प्राप्त कर लेते। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी पी पी मिश्रा जी ने कहा।

## खबर संक्षेप



### नाट्य महोत्सव का शुभारंभ आज

**छतरपुर।** किशोर सागर तालाब स्थित ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय छतरपुर थिएटर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस बार का यह आयोजन हंसी ठहाकों से सराबोर होगा जिसमें मुंबई, चंडीगढ़ और छतरपुर की टीमों के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। जिला पर्यटन, पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद छतरपुर के तत्वाधान में शंखनाद नाट्य मंच द्वारा इस तीन दिवसीय रंगमंच महोत्सव का आयोजन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। आज शाम 7 बजे नाट्य महोत्सव का पहला नाटक खेला जाएगा जो कि मुंबई के कलाकार प्रस्तुत करेंगे। नाटक का शीर्षक है लव बग। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर संदीप जीआर, डीआईजी ललित शाक्यवार, पुलिस अधीक्षक अमित सांघी करेंगे।

**क्या है नाटक लव बग-** आयोजन समिति की ओर से बताया गया है कि 13 जनवरी से शुरू होने वाला यह रंगमंच महोत्सव 15 जनवरी तक चलेगा जिसमें रोजाना शाम 6:30 से नाटकों की प्रस्तुतियां होंगी। मुंबई के कलाकारों द्वारा पहले दिन गीत संगीत से भरपूर नाटक लव बग का मंचन किया जाएगा। इस नाटक में यह संदेश हास्य व्यंग्य के माध्यम से दिया जा रहा है कि किस तरीके से सामाजिक व्यवस्थाएं बदहाल रूप लेती हैं और फिर उसके बाद धीरे-धीरे उनमें परिवर्तन आता है। इस नाट्य प्रस्तुति में मुंबई के कई फिल्म और वेब सीरीज के कलाकार भी शामिल हैं। नाटक के डायरेक्टर जॉली एलएलबी और अन्य फिल्मों में अपना अभिनय दिखा चुके हैं।

### 22 को जय श्री राम के जयकारों से गूंजेगा छतरपुर



**छतरपुर।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के भव्य आयोजन का शहर के पठापुर रोड पर स्थित राम-जानकी मंदिर में लाइव प्रसारण किए जाने की तैयारियां की जा रही हैं। 22 जनवरी को अयोध्या के साथ छतरपुर शहर भी जय श्री राम के जयकारों से गूंजेगा। शुक्रवार को रामभक्तों ने शहर वार्ड क्रमांक 38 और 39 में विशाल कलश यात्रा निकालकर शहरवासियों को अक्षत देते हुए आमंत्रित किया गया। कलश यात्रा में शामिल छतरपुर विधायक ललिता यादव ने बताया कि पठापुर रोड के काली माता मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें मातृशक्ति पीले परिधान में सिर पर कलश निकलीं। वहीं युवा रामभक्त हाथों में भगवा ध्वज लेकर कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा में शामिल राम दरबार की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। वार्ड नंबर 38 और 39 का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा राम-जानकी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। विधायक ने बताया कि चूंकि 22 जनवरी समस्त सनातन धर्मावलंबियों के लिए ऐतिहासिक दिन है इसलिए इस दिन को खास तथा यादगार बनाने के लिए राम-जानकी मंदिर में अध्योया के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग किसी कारणवश अयोध्या नहीं जा पा रहे हैं, वे राम-जानकी मंदिर में उपस्थित होकर ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता जयराम चतुर्वेदी, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नंदिता पाठक, जिला उपाध्यक्ष अशोक दुबे, रअंचल शुक्ला, सहित सैकड़ों महिलाएं-पुरुष और युवा रामभक्त मौजूद रहे।

### रैली निकालकर लोगों को बताए यातायात नियम

**छतरपुर।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरुक करने के लिए चलाए जा रहे अभियान में सहयोग करते हुए नेहरू युवा केन्द्र द्वारा अपनी ओर से दो दर्जन वॉलेंटियर प्रदान किए गए हैं जो रैली निकालकर लोगों को यातायात के नियम बता रहे हैं। इन वॉलेंटियर को यातायात पुलिस द्वारा ट्रैफिक मार्शल नाम दिया गया है।

# शराब फैक्ट्री में दम घुटने से 2 मजदूरों की मौत

## शराब फैक्ट्री में नहीं हो रहा श्रम कानूनों का पालन

**कागजों में 60 मजदूर दिखाकर 2 सौ से अधिक मजदूर जान जोखिम में डालकर कर रहे काम**

**श्रम निरीक्षक बोले, नोटिस जारी किया है, कार्रवाई करेंगे**

शहर में संचालित जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड यानि कॉक्स डिस्टलरी में सोमवार की सुबह हुए हादसे में दो मजदूरों की मौत के बाद प्रशासन शराब फैक्ट्री पर सख्ती के साथ कार्रवाई की पूरी तैयारी में हैं। लेकिन प्रशासन के नियमों को ताक पर रखकर एक बार फिर से शराब फैक्ट्री का संचालन शुरू हो गया है।





**नौगांव।**

फैक्ट्री के संचालन में श्रम नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, कॉक्स डिस्टलरी के संचालक ने फैक्ट्री में तीन फर्मों के माध्यम से 60 मजदूरों के कार्य करने के बारे में श्रम विभाग को अवगत कराया है, जबकि फैक्ट्री में 2 सौ से अधिक मजदूर अपनी जान जोखिम में डालकर अपना पेट पाल रहे हैं। इस पर श्रम विभाग की जिला प्रभारी एवं नौगांव एसडीएम विशा माधवानी के निर्देश पर विभाग ने कॉक्स डिस्टलरी को नोटिस जारी किया है।

शहर में संचालित जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड यानि कॉक्स डिस्टलरी के संचालन में शराब फैक्ट्री मालिक द्वारा नियमों का पालन न कर नियमों को धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। शराब फैक्ट्री में श्रम कानून, प्रदूषण एवं पर्यावरण सहित लागू सभी विभाग के कानून हवा में उड़ाए जा रहे हैं। सोमवार हादसे के बाद दो दिन तक मजदूरों के न आने से शराब फैक्ट्री बंद रही, लेकिन गुरुवार को एक बार फिर से फैक्ट्री में शराब का उत्पादन प्रारंभ हो गया। फैक्ट्री में शराब का उत्पादन प्रारंभ होने के साथ ही एक बार फिर से कानन का उल्लंघन शुरू हो गया है। शराब फैक्ट्री में देशी शराब उत्पादन के पांच यूनिट, बीयर को एक यूनिट, गत्ता प्लांट की एक यूनिट सहित अन्य कार्य होता है। जिसमें देशी शराब की एक यूनिट के संचालन के लिए 25 कर्मचारी लगते हैं, टोटल 5 यूनिट के संचालन में 125 कर्मचारी, बीयर प्लांट में 35 कर्मचारी, गत्ता प्लांट में 15 से 20 कर्मचारी सहित अन्य कार्य में भी 25 के लगभग कर्मचारी फैक्ट्री में कार्य कर रहे है। इस तरह से शराब फैक्ट्री में लगभग 2 सौ से अधिक मजदूर कार्य कर मजदूरी कर रहे हैं। शराब फैक्ट्री में 2 सौ अधिक मजदूर कार्य करने के बावजूद श्रम विभाग में अलग अलग फर्म के माध्यम से 60 मजदूर पंजीकृत हैं। जिसमें शराब फैक्ट्री में ललिता प्रसाद पिता धनीराम कुशवाहा, करण यादव पिता रामचरण यादव खेमचंद राजपूत पिता मुरली राजपूत फर्म के माध्यम से बीस-बीस मजदूर कार्यरत दिखाए हैं। श्रम कानून के उल्लंघन के मामले पर अब जिला श्रम अधिकारी प्रभारी एवं नौगांव एसडीएम विशा माधवानी ने सख्ती दिखाई है। जिला श्रम अधिकारी एवं नौगांव एसडीएम विशा माधवानी के निर्देश के बाद श्रम विभाग ने शराब फैक्ट्री मालिक को श्रम कानून के तहत नोटिस जारी हुए हैं। श्रम निरीक्षक उमेश शर्मा के मुताबिक कानून का उल्लंघन करने पर जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड कॉक्स डिस्टलरी संचालक को नोटिस जारी किया है।

फैक्ट्री कैम्पस में रिहायशी एरिया न होने के बावजूद मजदूरों को आवास के नाम पर घुटन भरा कमरा रहने के लिए फैक्ट्री मालिक ने दिया। चंद रुपयों की बचत के चक्कर में फैक्ट्री मालिक एवं मजदूर दोनों इस पर सहमत भी हो गए। क्योंकि मजदूरों ने चंद पैसे बचाने के चक्कर में फैक्ट्री कैम्पस में रहना स्वीकार किया तो वहीं मजदूरों के फैक्ट्री कैम्पस में ही रहने से सस्ते में मजदूर मिल गए। इस पूरे मसले में ऐसे पांच मजदूर ही नहीं बल्कि कई मजदूर फैक्ट्री के अंदर रहकर कार्य करते थे, लेकिन सोमवार को हुई घटना में दो मजदूरों की मौत एवं तीन मजदूरों के ग्वालियर में चल रहे इलाज पर फैक्ट्री मालिक के द्वारा सभी मजदूरों से कमरे खाली कराकर कैंपस को मजदूर आवास फ्री कर दिया है। लेकिन इससे पहले फैक्ट्री के अंदर खुले आबकारी कार्यालय के अलावा, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित प्रशासन के किसी भी विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। प्रशासन की लापरवाही के चलते ही सोमवार को हादसा हो गया।

### इनका कहना है

श्रम कानून का उल्लंघन होने पर शराब फैक्ट्री को नोटिस जारी किया है, वैधानिक कारवाई की जाएगी।

**विशा माधवानी**
**एसडीएम, नौगांव**

प्रथम दृष्ट्या गड़बड़ी मिलने पर नोटिस जारी हुए हैं, जवाब आने पर कार्रवाई की जाएगी।

**उमेश शर्मा**
**श्रम निरीक्षक, नौगांव**

# 182 वां नौगांव स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम संपन्न, कुलदीप पाठक बने सर्वश्रेष्ठ कवि नौगांव




**नौगांव।**

शहर को बसे हुए 182 वर्ष हो चुके हैं, जिसको लेकर शहर के युवाओं के द्वारा प्रतिवर्ष स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष नौगांव स्थापना दिवस समिति के द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कवियों की प्रतियोगिता का आयोजन रखा। गुरुवार की रात 8:00 बजे से मंच पर कवि सम्मेलन का कार्यक्रम शुरू हुआ जो रात 1:00 बजे तक चला 10 कवियों में से प्रथम स्थान पर कुलदीप पाठक ने सर्वश्रेष्ठ कवि नौगांव का खिताब जीता, वहीं दूसरे स्थान पर रीतेश पटैरिया और तीसरे पर आलोक गुप्ता ने मारी बाजी। सभी कवियों को ट्रॉफी और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

182 वें नौगांव स्थापना दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष अजय दौलत तिवारी, पूर्व नपा अध्यक्ष अभिलाषा शिवहरे रही। उपस्थित सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अतिथियों ने नौगांव के इतिहास के बारे में युवाओं को जानकारी दी। इसी दौरान इतिहासकार दिनेश सेन के द्वारा प्रकाशित अपना नौगांव पुस्तक का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नौगांव आइडल की रनर दिव्या नायक ने राम भजन से की। इसके बाद कवि सम्मेलन का पहला राउंड शुरू हुआ। पहले राउंड के बाद वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। जिसमें नाथूराम रेजा और रामदयाल सेन को शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया। साथ ही खुशी पटेल, शिवांग साहू 10वीं और वेदांत पटेरिया, महक पटेल को 12वीं टॉपर्स को पीके गुप्ता, तृप्ति गुप्ता द्वारा उनके पिता विश्वमोहन गुप्ता की स्मृति में सम्मानित किया गया। इसके बाद बेस्ट डांसर नौगांव की विजेता काव्या मिश्रा, श्रेया मिश्रा और परिधि गुप्ता ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद कभी सम्मेलन का दूसरा राउंड हुआ, जिसमें नौगांव के बारे में सभी ने कविता के माध्यम से काव्य पाठ किया। कार्यक्रम रात 1 बजे तक चला जिसके बाद निर्णायक सुरेंद्र शर्मा सुमन छतरपुर, मुकेश मासूम मुंबई, रिटायर्ड इंजी सीबी त्रिपाठी, अमर सिंह राय ने सबसे पहले तीसरे नंबर पर आलोक गुप्ता तो वही दूसरे स्थान पर रितेश पटेरिया की घोषणा की तो वहीं सर्वश्रेष्ठ कवि कुलदीप पाठक चुने गए। सभी कवियों को समिति के द्वारा शील्ड और नगद राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन सावन दीक्षित और कवि सम्मेलन का संचालन कवि प्रेम नारायण चौबे बबलू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संयोजक अभिषेक त्रिपाठी, सनातन रावत, महेश साहू, दिनेश सेन, कुलदीप यादव, दिवाकर पटेरिया, सौरभ तिवारी, अभय तिवारी, रानू राजा, भूपेंद्र रेजा, राजेश मिश्रा, विषु नायक की अहम भूमिका रही।



# शिविर में 108 मरीजों की आंखों की जांच, 18 को ऑपरेशन के लिए भेजा चित्रकूट

**छतरपुर।**

सिद्धपीठ माता महालक्ष्मी मंदिर में नगर अग्रवाल समाज और नवयुवक मंडल द्वारा समाजसेवी, वरिष्ठ पत्रकार हरिप्रकाश अग्रवाल के सहयोग से उनके पिताश्री भगवानदास अग्रवाल एवं मां त्रिवेणी देवी अग्रवाल की स्मृति में शुक्रवार को आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड चित्रकूट के डाक्टरों द्वारा 108 मरीजों की आंखों की जांच की गई इनमें से 18 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें लेंस प्रत्यारोपण के लिए तत्काल चित्रकूट रवाना कर दिया गया।

जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि शिविर में श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड चित्रकूट के डाक्टरों डॉ अरविंद मिश्रा, डॉ रोहित लखेरा, डॉ अमन पांडे, मनीष यादव और विजय पांडे की टीम द्वारा 108 मरीजों की आंखों की जांच कर परामर्श दिया गया तथा दवाई और चश्मा दिए गए। जांच में 18 मरीजों को मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें आज ही अपने वाहन से ऑपरेशन के लिए चित्रकूट ले जाया गया। शिविर में मरीजों को खिचड़ी प्रसाद तथा भोजन की व्यवस्था की गई थी।

शिविर में वरिष्ठ पत्रकार हरि प्रकाश अग्रवाल, उनके पुत्र वैभव, भतीजे राजेश सहित परिजनों ने शिविर में मरीजों का हरसंभव सहयोग किया। शिविर में जिला अग्रवाल समाज के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर दाऊ, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम सानू के अलावा बद्री प्रसाद अग्रवाल, संतोष अग्रवाल खैरी, संतोष बसारी, अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम दद्दा, प्रो सतीश अग्रवाल, हर्षित टीटू, सौरभ सन्नी, रवि, बंटी, अभिषेक, सत्यम सहित अनेक लोग मौजूद थे। 4 लोगों की ज़िंदगी रोशन करने पर ताम्रकार परिवार का सम्मान। नेत्र शिविर के दौरान 20 दिसंबर 2023 को भीमसेन ताम्रकार का निधन हो जाने पर उनके नेत्रदान कर 4 लोगों की जिंदगी रोशन करने पर नगर अग्रवाल समाज द्वारा दिवंगत श्री ताम्रकार के परिजनों उनकी पत्नी मीरा ताम्रकार, पुत्र मनीष और विनय ताम्रकार का शॉल, श्रीफल और आभार-पत्र भेंटकर आत्मीय सम्मान किया गया।

# NTPC विंध्याचल की दृष्टिकोणी पहल: मुक्त नेत्र शिविर से जीवन को प्रकाशित करने की दिशा में कदम

**सिंगरौली**



विंध्याचल ने NTPC विंध्याचल के चिकित्सा विभाग, विंध्या हॉस्पिटल में मुक्त नेत्र शिविरों का आयोजन करके एक महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) पहल की है। देश में 9 मिलियन लोग कैटरैक्ट से प्रभावित हैं, और इस पहल का उद्देश्य इन संख्याओं को कम करने में एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालना है। हाल के मुक्त नेत्र शिविर में, कुल 719 रोगी गहरी जांचों से गुजरे, जिससे पता चला कि 330 व्यक्तियों को अत्यंत आवश्यकता है कैटरैक्ट सर्जरी की। NTPC विंध्याचल ने केवल महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के बजाय, मुक्त दवाएं, राजाई, और रोगियों के विंध्याचल हॉस्पिटल में रहने के दौरान समर्पित भोजन का भी समर्थन किया है।

NTPC विंध्याचल की इस सक्रिय दृष्टिकोणी से साफ है कि संगठन समुदाय कल्याण और स्वास्थ्य सुलभता के प्रति प्रतिबद्ध है। CSR पहल के साथ की गई सहयोग से न केवल जरुरतमंदों की पहचान की गई है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करने के लिए सम्पूर्ण उपाय किए गए हैं कि रोगी आवश्यक उपचार और समर्थन प्राप्त करें, क्षेत्र में समृद्धि के महत्व को बताते हुए। NTPC विंध्याचल इस प्रकार की प्रभावी पहलों की अगुआई करती रहती है, और मुक्त नेत्र शिविर उन लोगों के लिए एक प्रेरणा की रोशनी का स्रोत बनता है जो कैटरैक्ट से प्रभावित हैं, उन्हें सिर्फ चिकित्सा सहायता ही नहीं, बल्कि एक करुणा भरी और समर्थन पूर्ण वातावरण भी प्रदान करता है।

# श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**छतरपुर।**

श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में भारतीय युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती जो प्रतिवर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनायी जाती है । इस अवसर पर श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में प्रातः कालीन बेला में प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार किया। अपराह्न बेला में श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा नेहरू युवा केंद्र छतरपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जी की शिक्षाओं का युवाओं पर प्रभाव विषय पर एक व्याख्यानमाला का आयोजन विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी, कुलसचिव श्री विजय सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बी.एस. राजपूत, उपकुलसचिव डॉ. मेघना मिश्रा, हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार तिवारी, राजनीति विज्ञान के विभाग अध्यक्ष डॉ. विजय चतुर्वेदी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेश अहिरवार व वर्षा यादव के साथ-साथ नेहरू युवा केन्द्र के उपनिदेशक अरविंद सिंह यादव, सहायक कार्यक्रम अधिकारी मु. सफ़ीम खान उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की आराधना से हुआ समस्त मंचासीन अतिथियो ने माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया।




मुख्य वक्ता डॉ. बी.एस. राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि विवेकानंद जी ने भारतीय ज्ञान की मीमांसा कर नई दिशा दी जिससे भारत की दशा बदली। आज उन्हें बिना पढ़े और समझे भारत को नहीं समझा जा सकता है। वे मानवतावाद के पक्षधर ऐसे चिंतक है जो विश्व कल्याण को नई दिशा देते हैं। उनके विचार सदैव प्रेरक रहेंगे। स्वामी विवेकानंद ने कहा था-जिस प्रकार संगीत में एक प्रमुख स्वर होता है, वैसे ही हर राष्ट्र के जीवन में एक प्रधान तत्व होता है। अन्य सभी तत्व इसी में केन्द्रित होते हैं। भारत का तत्व धर्म है समाज-सुधार तथा अन्य सब कुछ गौण है।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय एवं आईटीआई कॉलेज में आयोजित हुआ शिविर

**रीवा।** शिविर में आर टी ओ रीवा के साथ पॉलीटेक्निक कॉलेज से प्राचार्य निशा पांडेय प्रोफ़ेसर भावना पांडेय जी और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्राचार्य श्री सिद्धनाथ मिश्रा और विपुल पांडेय उपस्थित रहे।शिविर में आर टी ओ रीवा के द्वारा घर बैठे लाइसेंस कैसे बनाया जाता है इसके संबंध में बताया और उपस्थित सभी बच्चों को पूरी ऑनलाइन प्रक्रिया समझाई और सभी बच्चों से अपना लाइसेंस बनवाकर ही चलने की समझाइस भी दी साथ हो बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन न चलाए और चार पहिया चालक सीट बेल्ट अवश्य लगायें। इसके अलावा यातायात से संबंधित जानकारिया साझा की। लाइसेंस बनाने के लिए इस लिंक पर https://sarathi.parivahan.gov.in/sarathiservice/stateSelection.do आवेदन करना है और जो जानकारिया मागी ज़ाय उसे भरकर आगे बढ़े आधार से लिंक मोबाइल का होना अनिवार्य है क्योंकि आपका ओ टी पी इसी आधार लिंक मोबाइल पर ही आएगा। दिनांक 13/01/2024 को मउगंज और हनुमना में शिविर लगाया जायेगा

### सावी मदर विद्यालय में कराया गया सूर्य नमस्कार

**रीवा।** आजाद नगर स्थित सावी मदर स्कूल में सूर्य नमस्कार एवं प्रतिदिन की तरह योगाभ्यास भी कराया गया अनुलोम विलोम, कपालभाति सहित कई आसनों का अभ्यास किया गया जिसमें का आयोजन किया जिसमें विद्यालय के शिक्षक सहित बच्चों ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुजय सिंह ने छात्रों को बताया कि सूर्य तेजस्वी एवं ऊर्जस्वी होता है हमारे युवा पीढ़ी सूर्य की तरह तेज संपन्न ऊर्जावान होकर सकारात्मक दिशा में सतत लगी रहे साथ ही इंग्लिश क्विज कंपटीशन में पहले राउंड कक्षा नवमी ने दसवीं को हराया एवं कक्षा 11वीं ने 12वीं को हराने के बाद कक्षा 9वीं एवं ग्यारहवीं तीन दिवसीय सेमीफाइनल राउंड में पहुंचे एवं कक्षा 11वीं के छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन करने का उत्साह देखने को मिला एवं कक्षा ग्यारहवीं के विजेता प्रतिभागी छात्रा - छात्र श्रद्धा मिश्रा शुभम कुशवाहा अर्पित पटेल प्राजंलि वर्मा रितिका सिंह परिहार अभिषेक त्रिपाठी, यशस्वी , शिवांगी ताम्रकार , दीपक साहू ,स्तुति पांडे, सूर्यांश शुक्ला ,कृष्णा अग्रवाल, शिवांशु पाठक , सेजल पटेल, परीक्षित सिंह को कैश प्राइज देकर उन्हें विद्यालय के संस्थापक द्वारा सम्मानित किया गया !

### उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने माँ कालिका का पूजन-अर्चन किया

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रानीतालाब स्थित माँ कालिका मंदिर में विधि विधान से माता का पूजन-अर्चन किया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन भी किया। इस दौरान उन्होंने कन्या पूजन किया तथा रीवा एवं प्रदेश की सुख समृद्धि के लिये माँ कालिका से आशिर्वाद लिया। इस अवसर पर विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया।

### साहित्यकार भुवनेश्वर प्रसाद मिश्र के निधन पर शोक संवेदना

**मऊगंज।** पीयूष साहित्यिक एवं संस्कृत संस्थान मऊगंज के प्रतिभाशाली सदस्य के असमायिक निधन पर संस्थान द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। श्री मिश्र एक अच्छे साहित्यकार के साथ-साथ कुशल प्रशासक एवं स्पष्ट वक्ता भी थे। संस्था के अध्यक्ष डी एन सिंह की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें उनके परिवार एवं परिजनों को यह विशाल दुख सहन करने एवं उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर संस्थान के सदस्य गण जिसमें से डीएन सिंह,देवतादीन पांडे, रामश्रय द्विवेदी, रामनिश्चय, माधव मिश्र, केशव प्रसाद,भास्कर प्रसाद पांडे, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, नवीन कुमार द्विवेदी, राकेश कुमार सिंह, सूरज, रामनिवास पांडे, राजेश कुमार सिंह, सूर्य प्रताप द्विवेदी, जागेश्वर प्रसाद सोनी, डॉक्टर प्रदीप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने युवा दिवस पर किया सूर्य नमस्कार

## स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर रीवा में आयोजित हुआ जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम

### स्वस्थ समाज से आर्थिक संपन्न भारत का निर्माण - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। रीवा के मार्तण्ड स्कूल क्रमांक एक ग्राउण्ड में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया।

रीवा !





उन्होंने सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं के साथ प्राणायाम भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ्य समाज आर्थिक संपन्न भारत के निर्माण में सहायक है। हम स्वस्थ एवं प्रसन्न रहेंगे तो अपने लक्ष्यों की पूर्ति आसानी से हो सकेगी। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ रहा जा सकता है और बीमारियाँ कोसों दूर रहेंगी। श्री शुक्ल ने युवाओं से अपील की कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर मनाये जा रहे राष्ट्रीय युवा दिवस में अपने भीतर की ऊर्जा का सदुपयोग समाज एवं देश के हित में करें और देश को विश्व गुरू बनाने में योगदान दें।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने बहुत कम उम्र में ऐसी ख्याति प्राप्त की जिससे दुनिया में उनका नाम हुआ। उन्होंने शिकागो की अन्तराष्ट्रीय सभा में भारत की गरिमा और विशिष्टता को दुनिया के समक्ष रखा तथा अपना उद्बोधन माई सिस्टर एण्ड ब्रादर्स से शुरू किया तो उपस्थित जनों ने खड़े होकर ताली बजाकर उनका स्वागत किया था। स्वामी जी युवाओं के लिये प्रेरणा स्त्रोत हैं। 19वीं सदी में उन्होंने कहा था कि भारत विश्व गुरू बनेगा। उनकी यह भविष्यवाणी साकर हो रही है जब 21वीं सदी में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ते हुए विश्व गुरू बनने के करीब पहुंच चुका है। हमारा देश आर्थिक महाशक्ति के तौर पर उभरा है।

स्वामी विवेकानंद जी का जीवन न केवल हमें मार्ग प्रशस्त करता है वरन उनके द्वारा दिये गये वाक्य हमें जीवन में आगे बढ़ने में मददगार है। उनके जीवन चरित्र को अपने जीवन में उतारकर राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य पूरा करने में समवेत होने का अह्वान उप मुख्यमंत्री ने किया। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा के कालेज चौराहा में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा इसीलिए लगाई गई ताकि युवा उनके आदर्श को अपने जीवन चरित्र में उतारें। महापुरूषों के आदर्श हमें प्रेरणा देते हैं और नेक कार्य करने की बात बताते हैं। इसी उद्देश्य से रतहरा में भी शिवाजी पार्क का निर्माण कराकर शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित की जायेगी जो धर्म और संस्कृति के वाहक रहे हैं। उनकी प्रतिमा के लोकार्पण अवसर पर निबंध एवं लेख प्रतियोगिताएं होंगी। श्री शुक्ल ने सभी को युवा दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने विकसित भारत में सभी से सहयोग का संकल्प दिलाया। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला पंचायत सदस्य गुलवसिया देवी सहित अधिकारियों, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने भी सहभागिता दी।

# 18 साल से मुआवजे को भटक रहे भू स्वामी

## एक स्वर्ग सिधारे दूसरे हो गये अस्वस्थ

### जवाब देने से मुंह चुरा रहे लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन यंत्री शंकरलाल

रीवा !





सड़क निर्माण हो रेलवे लाइन का निर्माण हो या फिर कोई भी शासकीय निर्माण का कार्य के लिए भूअधिग्रहण करने का मामला हो। भू स्वामियों से जमीन अधिग्रहित करने के बाद भू अर्जन विभाग भू स्वामियों को चाय में गिरी मख्खी की तरह निकाल कर फेंक देते है। और फिर मुआवजे के लिए भू स्वामियों दर-दर भटने के लिए बेबस हो जाते है। उसके बावजूद भी शासन-प्रशासन के कान में जूं नही रेंगते आश्चर्य की बात तो यह है कि मा. न्यायालय का आदेश भी मानने को प्रशासनिक अमला तैयार नहीं होता। इस प्रकार की कोई एक घटना नहीं है ऐसी ही कई घटनाऐं है जिसमें अपनी जमीन खो चुके भू स्वामि कभी राजस्व अधिकारियों के कार्यालयों के सामने देखे जाते है तो कभी न्यायालय का चक्कर लगाते दिखाई दे जाते है। ऐसा ही एक मामला सन् 2005 से चला आ रहा है जिसमें अपनी डेढ़ एकड़ जमीन गंवाने वाले दो कास्तकारों में से एक कास्तगार मुआवजे की राशि देखे बिना स्वर्गलोग सिधार गये और दूसरे कास्तगार गंभीर बीमारी की चपेट में आ गये। इस मामले में जब उनके वंशज एसडीएम हुजूर एवं लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन यंत्री शंकरलाल से संपर्क करना चाहते हैं तो दोनो ही जिम्मेदार अधिकारी अपना मुंह चुराते हुए भागते है यहां तक की मोबाइल से बात करने में भी हिम्मत नहीं जुटा पाते। जबकि मा. उच्च न्यायालय ने स्पष्ट आदेश दिया है कि काश्तकारों को मुआवजा दिया जाये, उसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी मा. उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने में कोई गुरेज नहीं कर रहे। बाक्स मुआवजा मिला नहीं ओव्हरब्रिज से फर्राटा मार रहे वाहन मामला रीवा नगर पालिका क्षेत्र के रतहरा जेएनसीटी कॉलेज की समीप का है, जहां काश्तकार अवधेश कुमार पटेल ढ़ेकहा और विनोद कुमार पटेल गोलपार्क की आराजी नंबर 470, 471, 472 और 474 जमीन थी। जो राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित होकर उक्त आराजी में ओव्हर ब्रिज का निर्माण करवाया गया है। मामला 2005 का है लेकिन अभी तक दोनो की भू स्वामियों को शासन प्रशासन द्वारा मुआवजे की राशि नहीं दी जबकि उसमें अब वाहन फर्राटे मारते हुए निकल रहे। बाक्स मा. उच्च न्यायालय के आदेश को राजस्व अधिकारी दिखा रहे ठेंगा काश्तकारों की अपील पर सुनवाई करते हुए मा. उच्च न्यायालय ने 22 सितबंर 22 को फैसला सुनाते हुए कहा कि 0.599 हेक्टयर भूमि का सन् 2010 की कीमत अनुसार धारा 23 (1ए), 23 (2) भूमि अधिग्रहण की धारा 1984 के तहत मुआवजा दिया जाये। उक्त आदेश मा. उच्च न्यायालय ने एसडीएम हुजूर को दी थी। एसडीएम हुजूर मा. उच्च न्यायालय के आदेश को अमल करने के बजाय उक्त आदेश को ठंडे बस्ते में बांध कर रख दिये। हाईकोर्ट के आदेश पर काश्तकारों को यह खुशी हुई कि अब उनको अपनी खोई हुई जमीन की कीमत मिल जायेगी। लेकिन उनकी खुशी तक काफूर हो गई जब एसडीएम हुजूर कार्यालय का काश्तकार चक्कर लगाते रहे और पता चला कि एसडीएम ने हाईकोर्ट के आदेश को ठंडे बस्ते में बांध कर रख दिया। इसी बीच मुआवजे की पैरवी कर रहे काश्तकार अवधेश कुमार पटेल निवासी ढेकहा स्वर्ग सिधार गये। वहीं दूसरी ओर पैरवी करने वाले काश्तकार विनोद कुमार पटेल को भी बीमारियों ने जकड़ लिया। बाक्स 7 माह बाद एसडीएम को आई सुध, कार्यपालन यंत्री को लिखा पत्र एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी को याद आया कि 22 सितंबर 22 को हाईकोर्ट का कोई आदेश उन्होंने ठंडे बस्ते में बांध कर रख दिया है। याद आने पर बस्ता खोला तो हाईकोर्ट से आदेश हुए 7 माह गुजर गये थे। उक्त आदेश का हवाला देते हुए एसडीएम हुजूर ने 10 अप्रैल 2023 को लोक निर्माण विभाग राष्टीय राजमार्ग के कार्यपालन यंत्री शंकरलाल को पत्र लिखते हुए हाईकोर्ट से हुए आदेश का हवाला दिया। कहा जाता है कि कार्यपालन यंत्री शंकरलाल ने एसडीएम हुजूर का पत्र पढ़ कर अपने डस्टबिन में डाल दिया। इस संबंध में जब कार्यपालन यंत्री शंकरलाल को उनके मोबाइल नंबर 7566004000 में संपर्क करना चाहा तो मोबाइल पर बात करना तो दूर मोबाइल को उठाना वह जरूरत नहीं समझे। आश्चर्य की बात तो यह है कि शासन ने ऐसे जिम्मेदारों के हाथों में प्रशासनिक चाबी सौंपी गई है जो जनता के लिए अपने लिए नौकरी कर रहे।

### बिजली चोरी एवं बकाया राशि नहीं जमा करने वालों के खिलाफ न्यायालयीन कार्यवाही

**मऊगंज** जिले में बिजली बिल नहीं जमा करने बाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेद किये गए।मऊगंज सहायक कार्यपालन यंत्री कुंवर सिंह ने बताया कि बिल जमा किये बगैर अबैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए जाने पर लगभग 33 उपभोक्ताओं के खिलाफ न्यायालय मऊगंज से वारंट जारी जिसकी तामीली पुलिस विभाग द्वारा की जा रही है । बिजली चोरी के आरोप बिजली विभाग द्वारा मऊगंज न्यायालय में मामला पेश किया गया है जिसमे श्रीनाथ सिंह पिता स्व.सुखदेव सिंह ग्राम सगरा थाना लौर,दुर्गा पटेल पिता स्व. राम प्रगास पटेल ग्राम इटहा, थाना लौर,राजा सिंह पिता स्व.यदुनाथ सिंह ग्राम गढ़हिरी पांती थाना हनुमना,तेजसी गुप्ता पति दीनदयाल गुप्ता ग्राम खटखरी थाना शाहपुर, संतोष साकेत पिता छोटेलाल साकेत ग्राम नकटी थाना शाहपुर,देवनन्दन सिंह पिता स्व.तेजराज सिंह ग्राम पांती निमौही थाना हनुमना,मनोज पाठक पिता बालमुकुंद पाठक ग्राम दामोदरगढ़ थाना मऊगंज,रामानुज पटेल पिता जगदीश पटेल ग्राम पटेहरा थाना मऊगंज, हँसहराज पाण्डेय पिता स्व.राममणि पाण्डेय ग्राम पकरा थाना मऊगंज,राजेन्द्र सिंह पिता दलबीर सिंह ग्राम फूल बजरंग सिंह थाना मऊगंज,गणेश प्रसाद तिवारी पिता स्व.ब्रजभान तिवारी ग्राम उमरताल थाना लौर,शेख शहाबुद्दीन पिता शेख हकीमुद्दीन ग्राम टर्रा टोला थाना मऊगंज,बृजराज सिंह पिता स्व.आनन्द सिंह ग्राम खुझवा सुअरहा थाना लौर,इन्द्रपति पाण्डेय पिता सुखशरण पाण्डेय ग्राम नौढिया न.02 थाना लौर,छोटे खां पिता सरबर खां ग्राम मऊगंज थाना मऊगंज,बंशबहादुर सिंह पिता स्व.सुखदेव सिंह ग्राम देवरी शिवमंगल सिंह थाना मऊगंज,अमर बहादुर सिंह पिता सुखदेव सिंह ग्राम देवरी शिवमंगल सिंह थाना मऊगंज, राम बहादुर पटेल पिता बंशपती प्रसाद पटेल ग्राम भदउहा पांती थाना हनुमना,नरेन्द्र पाण्डेय पिता दशरथ प्रसाद पाण्डेय ग्राम व थाना लौर,रामकुमार पटेल तिवरिगवां मनबोध सिंह,महेन्द्र पटेल पिता बाल्मीक पटेल ग्राम इटहा गोपी टोला,बुद्धसेन पटेल पिता राजकुमार पटेल तिवरिगवां मनबोध सिंह थाना लौर,बुद्धसेन मिश्रा पिता जानकी मिश्रा ग्राम पथरिहा थाना लौर,बीरेन्द्र सिंह पिता तेजबली सिंह ग्राम खुझवा सुअरहा,अच्छेलाल पटेल पिता रामसिया पटेल ग्राम इटहा गोपी टोला जोधपुर थाना लौर,कमलनाथ सिंह स्व. श्री निवास सिंह सगरा थाना लौर,देवमणि पटेल पिता रामचन्द्र पटेल ग्राम बरहटा थाना मऊगंज,हरिशंकर उपाध्याय पिता शिवनयन उपाध्याय ग्राम कलरा थाना नईगढ़ी,रामलाल कुशवाहा स्व.शोभनाथ कुशवाहा ग्राम बेलहाई थाना लौर,चिंतामणि पटेल वंशपति प्रसाद पटेल भदउया पांती थाना हनुमना,यशोदा चिकवा स्व.लालबहादुर चिकवा बस स्टैण्ड मऊगंज,दुर्गा पटेल स्व.राम प्रगास पटेल ग्राम इटहा गोपी टोला थाना लौर जिला मऊगंज शामिल हैं।



# युवा दिवस पर गार्गी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

रीवा !

जिले के बीड़ा सेमरिया रोड में शार्कइन होटल के आगे डीसी मोड़ के पास स्थित गार्गी पब्लिक स्कूल मे शुक्रवार को स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस को युवा दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया कार्यक्रम सुबह 9 बजे से आरम्भ होकर 10 बजे समाप्त हुआ। सूर्य नमस्कार के दौरान प्राचार्य श्रीमती माला श्रीवास्तव ने कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन में सदा स्वस्थ और बीमारियों से बचाव के लिए योग बहुत ही आवश्यक है। स्वास्थ्य के लिए लाभदायक योग अभ्यास जिसे हर व्यक्ति बिना किसी शुल्क के निशुल्क अपने घर पर प्रातः कर के निरोगी रह सकता है। छात्र-छात्राओं को विवेकानंद के जीवन के बारे में जानकारी देकर उनके पदचिह्नों पर चलते हुए उठो जागो और और तब तक भागो जब तक मंजिल न मिले की अपील की ! इस अवसर पर शिक्षक ने छात्राओं को विभीन्ना योग मुद्रा सिखा कर उनके लाभ बताएं योग शिक्षिका ने छात्राओं को सीधे प्रसारण के साथ स्वयं मंच पर आकर सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में छात्र व छात्राएं सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# कलेक्टर, एसपी के नाम पर जिला आबकारी कार्यालय में ठेकेदारों से वसूली जाती है चढ़ोतरी

### नाम दिया व्हीआईपी खर्च

रीवा !




जिला आबकारी कार्यालय लगभग एक साल से सुखियों में है। और सुर्खियों में आये भी क्यों न? जिला आबकारी कार्यालय की कमान ही ऐसे अधिकारी के हाथों में है जो जहां भी रहे अपने कारनामों से चर्चित रहे चाहे सिंगरौली का मामला हो या फिर कटनी का। रीवा में भी आते फर्जी बैंक गारंटी का गुल खिला ही दिये। रीवा आने के लिए आबकारी मुख्यालय ग्वालियर से लेकर राजधानी तक जो चढ़ोतरी चढ़ाई उसकी भरपाई शराब ठेकेदारों से की जा रही है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ ठेकेदारों का कहना है कि जिला आबकारी अधिकारी ने एक फंड बनाया है, जिसका नाम व्हीआईपी फंड रखा गया है। बताया कि उक्त फंड का इस्तेमाल कलेक्टर, एसपी के साथ ही माननीयों पर खर्च किया जाता है। शराब ठेकेदार अब इस असमंजस में पड़े है कि कलेक्टर, एसपी की छवि तो एक नेक ईमानदार अधिकारियों के रूप में होती है तो फिर जिला आबकारी अधिकारी उन पर ये छींटे क्यों उछाल रहे हैं? ठेकेदार ने ये बताया कि छोटे समूह के ठेकेदारों का तो नहीं मालूम लेकिन जो बड़े समूह के ठेकेदार हैं उनसे 35-35 हजार रूपये महीने व्हीआईपी फंड के नाम पर जिला आबकारी अधिकारी अपने कोषाध्यक्ष के पास जमा करवाना शुरू कर दिये हैं जो कोषाध्यक्ष के मार्ग से उनके पास तक पहुंचता है। इस बात की पुष्टि दबी जुंबा से विभागीय सूत्र भी कर रहे है। यदि हम शराब ठेकेदार और विभागीय सूत्रों की बातों पर यकीन करें तो शायद आबकारी विभाग का यह सबसे बड़ा भ्रष्टाचार निकल कर सामने आयेगा। जिसमें नेक और ईमानदार अधिकारियों के नाम पर भी शराब ठेकेदारों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। ठेकेदारों ने बताया कि अभी तक जिला आबकारी अधिकारी और सर्किल प्रभारियों का एक निर्धारित चढ़ावा चलता आ रहा था अब उस पर जिला आबकारी अधिकारी का हिटलरशाही शुरू हो गया।

### विधिक साक्षरता शिविर में बच्चों को दी उनके अधिकार व कानून की जानकारी

**मऊगंज** विधिक सहायता समिति जिला मऊगंज के तत्वाधान में ऋषिराज कुलम विद्यालय मऊगंज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन माननीय अतिरिक्त जिला जज श्री आदेश जैन की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर श्री राहुल नामदेव (मजिस्ट्रेट) ने बच्चों उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और शिक्षा के अतिरिक्त खेलकूद और संगीत में भी ध्यान देने के लिए कहा । श्री आशीष मिश्रा (मजिस्ट्रेट) ने बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी दी। श्रीमती गीता ऊयके (मजिस्ट्रेट) मैडम ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। न्यायाधीश द्वय श्री युवराज दीक्षित (मजिस्ट्रेट) एवम श्री क्षितिज पवार (मजिस्ट्रेट) ने कानून की महत्ता से बच्चों को अवगत कराया। इस अवसर पर न्याय मित्र समाजसेवी रमेश कुमार पाण्डेय ने अपनी कविता ₹हम लाए है संविधान से कुछ सूत्र निकाल के ₹ का गायन कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री जैन ने छात्र छात्राओं को शिक्षा ,संविधान और समानता पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया की न्यायालय और न्यायाधीश उनके मित्र है और बच्चों को कही भी अन्याय का डट कर मुकाबला करना चाहिए। शिक्षा से स्वयं, समाज व देश का विकास सुनिश्चित होता है। शिक्षा से व्यक्ति में जागृति उत्पन्न होती है, जिससे व्यक्ति सर्वांगीण विकास कर सकता हैं।